भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4131

जिसका उत्तर 12 दिसंबर, 2019 को दिया जाना है।

.....

पश्चिमी घाटों में जलाशय

4131. डॉ. डी. रविकुमार:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पश्चिमी घाट में स्थित जलाशय भूकंप कंपन प्रवण हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार के पास इस संबंध में कोई विश्वसनीय आंकड़ा है; और

(ग) यदि हां, तो उक्त खतरे से बचने के लिए सरकार ने क्या उपाय किए हैं?

उत्तर

जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया)

(क) से (ग) भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित किए गए भारत के भूकम्पीय क्षेत्र मानचित्र में पश्चिमी घाट जोन II, III और IV में हैं। बांध/जलाशयों को भूकम्पीय गुणकों (कोएफिशीएंट) को ध्यान में रखते हुए बनाया गया था, जैसा कि बीआइएस कोड में निर्धारित किया गया था। वे बांध/जलाशय जो पश्चिमी घाटों में सम्मिलित हैं, भूकम्पीय डिजाइन पैरामीटर विशेष को ध्यान में रखते हुए बनाए गए थे उन्हें राष्ट्रीय भूकम्पीय डिजाइन पैरामीटर समिति (एनसीएसडीपी) द्वारा अनुमोदित किया गया है। पश्चिमी घाटों के किनारे सहित प्रमुख जलाशयों के चारों ओर स्थानीय सीस्मीसिटी की इंस्ट्रूमेंटल मॉनीटरिंग, संबंधित बांध प्राधिकारियों द्वारा लगातार रूप से की जा रही है।

******